Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 14-03-2006
Participants : Thummar Shri Virjibhai

>

Title : Need to implement urban development schemes in towns of Amreli Parliamentary Constituency, Gujarat.

श्री वी.के. ठुम्मर (अमरेली) : अध्यक्ष महोदय, केन्द्र सरकार ने छोअ शहरों में बुनियादी सुविधायें उपलब्ध करवाने हेतु कइ योजनायें चला रखी हैं परन्तु मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली के शहरों को यह सुविधायें अभी तक नहीं मिली हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र में अमरेली, राजूला, सावरकुडला, दामनगर, बगसरा यह बडे एवं छोटे शहर हैं जहां पर अभी तक सीवर की व्यवस्था नहीं है जिसके कारण नालियों में गंदगी फैली होती है और हर साल मलेरिया जैसी बीमारी फैलती है। गुजरात राज्य सरकार ने इन शहरों में केन्द्र सरकार की योजनायें लागू करने हेतु केन्द्र सरकार को प्रस्ताव नहीं भेजे हैं। इन शहरों में मूलभूत सुविधायें दिलवाये जाने हेतु केन्द्र सरकार द्वारा पहल की जाये।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि इन शहरों में केन्द्र सरकार की शहरी विकास योजनायें लागू की जायें जिससे यहां के स्थानीय लोगों को मूलभूत सुविधायें मिल सकें।